राजस्थान सरकार

# आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

पत्रांक : F7(4)अकादि/आयुक्तालय/कोचिंग/2019/132-40 दिनांक : 24.6.19

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय
राजस्थान।

विषय :— शैक्षणिक सत्र 2019—20 में प्रतियोगिता दक्षता परियोजनान्तर्गत विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग कक्षाएं 15 जुलाई 2019 से नियमित रूप से प्रारंभ करवाने के संबंध में।

संदर्भ :— विभागीय पत्रांक CCE/Acad/ISDC/Free Coaching/2019/539 dated: 16 January 2019 के क्रम में

महोदय,

जैसा कि आप सभी को विदित है कि जनघोषणा में विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध करवाने का संकल्प विभाग के लिए एक निर्देशक बिन्दु है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए विभाग की ओर से दिनांक 12 जनवरी 2019 को **'प्रतियोगिता दक्षता कार्यक्रम'** का शुभारंभ किया गया था। संदर्भित पत्र द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश जारी करते हुए सभी 252 राजकीय महाविद्यालयों में कार्यक्रम के अन्तर्गत IAS, RAS, SSC, Bank, REET आदि से संबंधित प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग कक्षाएं प्रारंभ किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये थे। मुझे यह बताते हुए हार्दिक प्रसन्नता है कि गत शैक्षणिक सत्र में सभी राजकीय महाविद्यालयों में निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं का संचालन अत्यन्त ही प्रभावित ढंग से संपादित किया गया। इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र है।

शैक्षणिक सत्र 2019—20 में दिनांक 15 जुलाई 2019 से प्रत्येक राजकीय महाविद्यालय में निःशुल्क कोचिंग कक्षाएं प्रारंभ किये जाने के पूर्व निर्देशों के क्रम में इन कक्षाओं के अन्तर्गत प्रतिदिन अध्ययन करवाये जाने वाले विषय वस्तु (Topics) एवं समय वितरण के अनुसार माह जुलाई का कार्यक्रम भिजवाया जा रहा है। आप सभी से यह अपेक्षा की जाती है कि उक्त कार्यक्रम के अनुसार संदर्भित पत्र में वर्णित दिशा निर्देशों एवं निम्न बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं का सुव्यवस्थित संचालन करवाया जाना सुनिश्चित किया जावे :—

1. पूर्व में दिये गये निर्देशों के अनुसार आगामी शैक्षणिक सत्र में भी उक्त कक्षाओं की शुरूआत समारोह पूर्वक करें ताकि इस नवाचार का और अधिक प्रचार—प्रसार हो सके एवं जन—जन तक इसकी जानकारी पहुंच सके। इस हेतु आप प्रशासनिक अधिकारी यथा कलक्टर / एडीएम / एसडीएम तथा अन्य अधिकारी यथा पुलिस अधीक्षक अथवा अन्य कोई भी नव चयनित अधिकारी जिसकी उपस्थिति तथा अनुभव से छात्र लाभान्वित हो सके को आमन्त्रित कर सकते है।
2. जहां तक संभव हो सके प्रेषित किये जा रहे कार्यक्रम के अनुसार प्रतिदिन प्रतियोगी कक्षाओं का आयोजन करवाया जावे। यदि किसी भी कारणवश उक्त कार्यक्रम के अनुसार कक्षाएं आयोजित करवाया जाना संभव न हो सके तो महाविद्यालय की नियमित कक्षाओं के लिए निर्धारित समय सारिणी को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिदिन कम से कम 4 घण्टे प्रतियोगी कक्षाएं आयोजित करवायी जावे।
3. यथा सम्भव प्रतियोगी कक्षाओं की वीडियो रिकोर्डिंग करवायी जावे ताकि इनको अन्य महाविद्यालयों को भिजवाया जा सके।
4. इन प्रतियोगी परीक्षाओं की कक्षाएं महाविद्यालय में पदस्थापित संकाय सदस्यों द्वारा ली जावे। जिन विषयों अथवा टॉपिक्स पर महाविद्यालयो में संकाय सदस्य नहीं है उसकी जानकारी ओआईसी के माध्यम से आयुक्तालय को भेजें। आप स्थानीय स्तर पर विभिन्न विभागों के नवचयनित अधिकारी / कर्मचारियों से भी सम्पर्क कर उनकी निशुल्क सेवायें ले सकते है।
5. इन कक्षाओं की सफलता केवल एक बिन्दू पर केन्द्रित है और वह है, **इन कक्षाओं का नियमित रूप से संचालित होना तथा पूर्व निर्धारित समय में पाठ्यक्रम पूरा होना।**

6. प्रतियोगी कक्षाओं को प्रारंभ किये जाने वाले दिन (15 जुलाई 2019) विद्यार्थियों को राज्य सरकार के उद्देश्य एवं इन कक्षाओं की महत्ता की जानकारी देते हुए प्रतिदिन उपस्थित होने के लिए प्रेरित किया जावे। छात्र/छात्राओं को अवगत करवाया जाये कि प्रतियोगिता परीक्षा का पाठ्यक्रम 600 घण्टे में पूर्ण करवा दिया जायेगा।
7. प्रतियोगी कक्षाओं में छात्र/छात्राओं की उपस्थिति की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जावे एवं संलग्न प्रारूप में सूचना आयुक्तालय को प्रेषित की जावे।
8. यह अतिआवश्यक है कि निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य करवाया जावे ताकि अधिक से अधिक छात्र/छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण हो सके।
9. राज्य स्तर/ राष्ट्रीय स्तरीय पर आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने वाले विद्यार्थियों का रेकॉर्ड संधारण किया जावे एवं आयुक्तालय को भी भिजवाया जावे।
10. इन कक्षाओं के बारे में महाद्यिालयों के नोटिस बोर्ड पर तथा स्थानीय समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशित करवा कर अधिकाधिक प्रचार प्रसार करावें ताकि अधिक संख्या में युवा लाभान्वित हो सके। आावेदन पत्र का प्रारूप इस प्रत्र के साथ पुनः संलग्न किया जा रहा है।

'प्रतियोगिता दक्षता कार्यक्रम' के सुव्यवस्थित संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु यह आवश्यक है कि आप सभी राज्य सरकार की इस महत्वपूर्ण परियोजना एवं पुनीत कार्यक्रम को गंभीरतापूर्वक आयोजित करवायें।

उक्त के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए निम्न अधिकारियों से सम्पर्क किया जा सकता है :–

01. डॉ. सौमित्र नाथ झा : 9928520501
02. डॉ. चन्द्रभूषण जैन : 9414783292

**प्रदीप कुमार बोरड़, IAS**
विशिष्ट शासन सचिव, उच्च शिक्षा एवं
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा

संलग्नः उपरोक्तानुसार

पत्रांक : दिनांक :

सूचनार्थ प्रतिलिपि :–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. संयुक्त निदेशक, HRD/Acad./Admn/RUSA/P&C,आकाशि, जयपुर।
5. क्षेत्रीय सहायक निदेशक, जयपुर/अजमेर/कोटा/भरतपुर/जोधपुर/बीकानेर/उदयपुर इस परियोजना का अपने संबंधित क्षेत्रों में समन्वय एवं कोर्डिनेशन करें।
6. समन्वयक/प्रभारी, निःशुल्क कोचिंग कक्षाएं, आकाशि, जयपुर।
7. वैब प्रभारी को अपलोड करने हेतु।
8. रक्षित पत्रावली।

आयुक्त, कॉलेज शिक्षा

# Commissionerate of College Education
# Govt of Rajasthan, Jaipur

## Schedule for Pratiyogita Dakshta Programme

### From 15 July 2019 to 31 July 2019

| S No | Date | Subject | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | English<br>10 AM to 11AM | इतिहास<br>11 AM to 12 PM | भारतीय राजव्यवस्था<br>12 PM to 1 PM | भूगोल<br>1 PM to 2 PM |
| 1 | 15July 2019 | Tense and Time, Simple Present Tense | इतिहास : एक परिचय तथा भारत में यूरोपीय कंपनियों का आगमन | खंड V (52–151) / संघ : राष्ट्रपति | एक परिचय |
| 2 | 16 July 2019 | Simple Present Tense: usage and Present Continuous Tense | भारत में यूरोपीय कंपनियों का आगमन : पुर्तगाली, डच, ब्रिटिश आदि | राष्ट्रपति : पात्रता, चुनाव एवं महाभियोग | जैवमंडल, वायुमंडल, पृथ्वी |
| 3 | 17 July 2019 | Present perfect, Present Perfect Continuous, Simple Past and Past Continuous Tense | भारत में यूरोपीय कंपनियों का आगमन एवं कर्नाटक युद्ध | राष्ट्रपति : कार्य एवं शक्तियां | भू–आकृति विज्ञान, ब्रह्मांड |
| 4 | 18 July 2019 | Past Perfect Continuous Tense and Simple Future | पेरिस की संधि एवं उत्तर मुगल काल | राष्ट्रपति : न्यायिक शक्तियां, आपातकालीन शक्तियां एवं अनुच्छेद 356 | ब्रह्मांड विस्तार (डॉपलर प्रभाव, अभिरक्त विस्थापन), ब्रह्मांड के बल एवं बिग–बैंग सिद्धांत |
| 5 | 19 July 2019 | Future Continuous, Future Perfect, future Perfect Continuous, Hypothetical Clauses and Conditional Sentences | बंगाल में यूरोपियों का आगमन | राष्ट्रपति : आपातकालीन शक्तियों के अन्तर्गत आपातकालीन वित्तीय शक्तियां<br>खण्ड VI (152–237) / राज्य : राज्यपाल | ग्रह एवं तारा |
| 6 | 20 July 2019 | Conditional Sentence, Passive Voice | बंगाल में अंग्रेज : प्लासी का युद्ध, बक्सर का युद्ध, एवं इलाहाबाद की संधि | प्रधानमंत्री / मुख्यमंत्री, विधानमंडल, लोकसभा एवं राज्यसभा | तारों का जीवन एवं आकाशगंगा |
| 7 | 22 July 2019 | Passive Voice | बंगाल में अंग्रेज : द्वैध शासन प्रणाली | विधानमंडल : कार्य एवं शक्तियां, विधेयक | सूर्य की आंतरिक संरचना एवं पृथ्वी |

डॉ. आर. सी. मीना
संयुक्त निदेशक
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा
राजस्थान, जयपुर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 23 July 2019 | Passive Voice: To-infinitive, Gerund etc and Middle Voice | अंग्रेज एवं मराठा : बालाजी विश्वनाथ, दिल्ली की संधि, बाजीराव प्रथम, बालाजी बाजीराव आदि | लोकसभा में विधेयक, साधारण और वित्तीय विधेयक, संसद : संरचना, एवं संसदीय कार्यप्रणाली | पृथ्वी की आंतरिक संरचना |
| 9 | 24 July 2019 | Voice Constraints, Passive Voice: Use, Exercise | मराठा और अफगानः पानीपत का युद्ध | शून्य काल, विभिन्न प्रकार के प्रस्ताव, राज्य सभा की विशेष शक्तियाँ, संसद सदस्य, दलबदल कानून | पृथ्वी और महाद्वीपों की उत्पत्ति एवं संरचना |
| 10 | 25 July 2019 | Passive Voice: Exercise and Narration | माधवराव, नारायणराव, बाजीराव द्वितीय, प्रथम आंग्ल–मराठा युद्ध एवं सूरत की संधि | न्यायपालिका, सर्वोच्च न्यायालयः नियुक्ति एवं शक्तियाँ | महाद्वीपीय प्रवाह सिद्धांत |
| 11 | 26 July 2019 | Narration | पुरंदर की संधि, सालबाई की संधि, द्वितीय आंग्ल–मराठा युद्ध, बासेन की संधि एवं तृतीय आंग्ल–मराठा युद्ध | न्यायपालिका की शक्तियां | महाद्वीप, महासागर एवं प्रवाह सिद्धांत |
| 12 | 27 July 2019 | Narration: Interrogative Sentence, Imperative Sentence | मराठों का पतन | न्यायिक पुनरावलोकन | प्लेट विवर्तनिक सिद्धांत |
| 13 | 29 July 2019 | Narration: Exclamatory Sentences and Exercise | आंग्ल– मैसूर युद्ध, मद्रास की संधि, मैंगलोर की संधि | आयोग : CAG | विभिन्न वृहद एवं लघु प्लेट्स |
| 14 | 30 July 2019 | Narration: Exercise and Modals: Introduction | आंग्ल–मैसूर युद्ध, श्रीरंगपट्टनम की संधि एवं टीपू सुल्तान | आयोग : CEC, CVC एवं CIC | प्लेट के प्रकार, सीमाएँ एवं मैग्मा उत्स्रवण |
| 15 | 31 July 2019 | Modals: Can, Cannot, Could and may | कर्नाटक, हैदराबाद, अवध और ब्रिटिश एवं पंजाब | लोकपाल, NHRC एवं SHRC | फाल्ट लाइन्स एवं लावा पठार |

डॉ. आर. सी. मीना
संयुक्त निदेशक
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा
राजस्थान, जयपुर

# GOVERNMENT COLLEGE, ..........................

Application Form for Competitive Exam Free Coaching Under '*Pratiyogita Dakshata*'

Name- ..........................................................................................

Fathers Name- ..............................................................................

Mothers Name- .............................................................................

Address- ......................................................................................

..............................................................................................

Class with Section- ........................................................................

Year of Admission- ........................................................................

Scholar No.- .................................................................................

Contact/Mobile No- ........................................................................

Email ID- ......................................................................................

PHOTO

Educational Qualifications-

| S. No. | CLASS | PASSING YEAR | BOARD/UNIVERSITY | % Marks | REMARKS |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | XII | | | | |
| 2. | B.A./B.Sc./ B.Com | | | | |
| 3. | M.A./M.Sc./ M.Com | | | | |
| 4. | Other | | | | |

I am interested in ........................................................ (Select any one course from followings).

- IAS/ RAS (Foundation course); duration 2-3 years
- IAS/ RAS (duration 600 hours)
- SSC CGL (Combined Graduate Level) Exam
- SSC CHSL (Combined Higher Secondary Level) Exam
- Bank (PO/ Clerical)
- Teachers (REET/ I[st] Grade/ II[nd] Grade)
- RPSC (Other Exam)
- NET
- Any other exam (..................................)

Signature

डॉ. आर. सी. मीना
संयुक्त निदेशक
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा
राजस्थान, जयपुर

# <u>प्रतियोगिता दक्षता कार्यक्रमन्तर्गत प्रतियोगी कक्षाओं की सूचना हेतु प्रपत्र</u>

<u>महाविद्यालय का नामः</u>

| क्रमं सं | प्रतियोगी कक्षा आयोजन की तिथि | अध्यापन कार्य करवाने वाले व्याख्याता का नाम | प्रति कालांश पढाये जाने वाले **topic** का विवरण | कालांश के समय का विवरण | प्रति कालांश उपस्थित छात्र/छात्राओं की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| 2 | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| 3 | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| 4 | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

हस्ताक्षर

(                    )

प्रभारी अधिकारी,
प्रतियोगिता दक्षता कार्यक्रम

डॉ. आर. सी. मीना
संयुक्त निदेशक
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा
राजस्थान, जयपुर